दृष्टि The Vision

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## फरवरी भाग-2
## 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. सार्वजनिक व्यवस्था उन तीन आधारों में से एक है जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ धर्म की स्वतंत्रता पर भी प्रतिबंध लगा सकते हैं।
    2. सार्वजनिक व्यवस्था के पहलुओं पर कानून बनाने की शक्ति राज्य सरकार में निहित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. मिर्गी एक केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (न्यूरोलॉजिकल) संबंधी विकार है।
    2. मिर्गी केवल पुरुष वयस्क आबादी को प्रभावित करती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह सभी खाद्य और तिलहन फसलों के खराब होने की स्थिति में व्यापक बीमा कवर प्रदान करती है।
    2. इसमें किसानों द्वारा सभी खरीफ फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% प्रीमियम का भुगतान करने का प्रावधान है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

4. शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसका उद्देश्य 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है।
    2. इसमें समाज के वंचित वर्गों के लिये 25% आरक्षण अनिवार्य रूप से प्रदान किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. गोवा के मुक्ति संग्राम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गोवा फ्राँसीसी शासन के अधीन एक उपनिवेश था।
2. वर्ष 1947 में भारत को आज़ादी मिलने के कई वर्षों बाद गोवा स्वतंत्र हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मेटामैटेरियल्स प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थ हैं जो आमतौर पर गहरे महासागरों में पाए जाते हैं।
2. 'ओरिगामी मेटामैटेरियल्स' पेपर फोल्डिंग की जापानी कला पर आधारित हैं।
3. तनाव की स्थिति में भी ओरिगामी मेटामैटेरियल्स 'पॉइसन अनुपात' का निरंतर मूल्य प्रदर्शित करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

7 ' नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम वित्त वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिये शुरू किया गया है।
2. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने हेतु वयस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को शामिल करता है।
3. इस कार्यक्रम का उद्देश्य वयस्क आबादी को केवल मूलभूत साक्षरता और अंकगणित की शिक्षा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

8. 'कृत्रिम बुद्धिमता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कृत्रिम बुद्धिमता' उन कार्यों को पूरा करने वाली मशीनों को संदर्भित करती है जिनके लिये मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है।
2. 'कृत्रिम बुद्धिमता' में बड़ी डेटा तकनीक भी शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में, जघन्य अपराधों में शामिल 16-18 आयु वर्ग के किशोरों को वयस्क के रूप में माना जा सकता है।
2. भारत में 7 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे को किसी भी अपराध के लिये दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10: 'विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन' (WSDS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) का वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम है।
2. इसे सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिये एकल मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. 'स्वामित्व योजना' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय लाभ प्रदान करना।
B. किसानों की मदद के लिये सौर पंपों, ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना।
C. कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों के क्लस्टर विकास को बढ़ावा देना।
D. ड्रोन तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के सीमांकन व मानचित्रण की योजना।

12. मोहोरोविकिक असंबद्धता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मेंटल और बाहरी कोर के बीच की सीमा है।
2. मोहो असंबद्धता पर भूकंपीय तरंगें तेज़ होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. सिंथेटिक बायोलॉजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस शब्द का प्रयोग 'जीवन को नया स्वरूप देने' के प्रयासों के संदर्भ में किया गया है।
2. भारत ने 10वीं पंचवर्षीय योजना में सिंथेटिक बायोलॉजी पर एक राष्ट्रीय नीति अपनाई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

14: 'स्टेम सेल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्टेम सेल ऐसी विशेष कोशिकाएँ होती हैं जो स्वयं की प्रतिकृतियाँ बना सकती हैं तथा विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में परिवर्तित हो सकती हैं।
2. स्टेम सेल थेरेपी ऐसी विलुप्त या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को बदलने में मदद करती है, जिन्हें शरीर स्वाभाविक रूप से प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बिहार का तारापुर नरसंहार वर्ष 1932 में हुआ था।
2. तारापुर में विरोध का एकमात्र कारण भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी देना था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. शरणार्थियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत शरणार्थी अभिसमय, 1951 का पक्षकार नहीं है।
2. भारत में शरणार्थियों को नियंत्रित करने के लिये कोई समर्पित कानून नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक हैं।
2. CEPA व्यापार के नियामक पहलू को भी देखता है और नियामक मुद्दों को कवर करने वाले एक समझौते को शामिल करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

18. प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एफआईआर शब्द को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 156 के तहत परिभाषित किया गया है।
2. ज़ीरो एफआईआर मिलने के बाद संबंधित पुलिस स्टेशन द्वारा जाँच शुरू करने हेतु नई एफआईआर दर्ज की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19.: 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. योजना के तहत मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त दोनों विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को मज़बूत करने हेतु अनुदान प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20: हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा निम्नलिखित में से किस प्रक्षेपण यान/लॉन्च व्हीकल का उपयोग करके एक 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' (EOS-04) लॉन्च किया गया?

A. सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (SLV)
B. पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV)
C. जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV)
D. स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (SSLV)

21. अरुणाचल प्रदेश राज्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी सीमा उत्तर में चीन के तिब्बती क्षेत्र और दक्षिण-पूर्व में नगालैंड तथा म्याँमार से लगती है।
2. नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान और दिबांग वन्यजीव अभयारण्य इस राज्य के संरक्षित क्षेत्र हैं।
3. अरुणाचल प्रदेश का राजकीय पशु मिथुन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

22. भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम इस भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में उपयोग किये जाने वाले उपकरणों में से एक है
2. इस तकनीक के माध्यम से कैप्चर की गई वस्तुओं का स्थान हमेशा स्थिर रहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

23. नवीनतम 'हरित हाइड्रोजन/हरित अमोनिया नीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नीति के तहत सरकार उत्पादन के लिये विशिष्ट विनिर्माण ज़ोन स्थापित करने की पेशकश कर रही है।
2. हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के उत्पादकों को बंदरगाहों के पास बंकर लगाने की अनुमति होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. न्यूट्रिनो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक मौलिक प्राथमिक कण है।
2. इनका पता लगाना बहुत मुश्किल होता है।
3. वे उच्च-ऊर्जा प्रक्रियाओं में उत्पादित होते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

25: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिज़ोरम के पास भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में सबसे अधिक वन क्षेत्र मौजूद है।
2. नगेंगपुई वन्यजीव और तवी वन्यजीव अभयारण्य मिज़ोरम में स्थित हैं।
3. मिज़ोरम को वर्ष 1972 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जाइंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप (GMRT) 45 मीटर व्यास के पूरी तरह संचालित तीस परवलयिक रेडियो दूरबीनों की एक शृंखला है।
2. GMRT भारत की एक स्वदेशी परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

27. छत्रपति शिवाजी महाराज के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/सही है?

1. उनके सैन्य कौशल का पहला प्रदर्शन बीजापुर के आदिल शाह से तोरण किले पर कब्ज़ा करना था।
2. उन्होंने राजा जय सिंह प्रथम के साथ पुरंदर की संधि पर हस्ताक्षर किये जो औरंगज़ेब का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।
3. वर्ष 1670 की सिंहगढ़ की लड़ाई शिवाजी महाराज और जय सिंह प्रथम के बीच लड़ी गई आखिरी लड़ाई थी जिसमें मराठा राजा शिवाजी लड़े थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

28: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ड्रोन किसान यात्रा भारत में रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देगी।
2. किसान ड्रोन का उपयोग केवल कीटनाशक और पोषक तत्त्वों के छिड़काव हेतु किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैंगनी या लैवेंडर क्रांति केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
2. अरोमा मिशन के तहत किसानों को केवल पहली बार लैवेंडर की खेती करने के लिये इसके पौधे मुफ्त में दिये गए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30: 'नॉन-फंजिबल टोकन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये डिजिटल संपत्तियाँ हैं जिनका कारोबार ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करके किया जाता है।
2. ये परस्पर विनिमेय नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

31: 'पीएम-केयर्स फंड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक कोष है, जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
2. 'पीएम-केयर्स फंड' में योगदान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय के रूप में योग्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

32 सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मयूरभंज हाथी अभ्यारण्य का एक हिस्सा है।
2. वर्ष 2009 से यूनेस्को के विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है।
3. अंगमी और भूटिया दो जनजातियाँ रिज़र्व के जंगलों में निवास करती हैं और पारंपरिक कृषि गतिविधियों के माध्यम से खाद्य संग्रहण करती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

33. आयुष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्वास्थ्य देखभाल और उपचार की एक पारंपरिक और गैर-पारंपरिक प्रणाली है।
2. इसमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, एलोपैथी और होम्योपैथी शामिल हैं।
3. भारत विश्व की तुलना में आयुष क्षेत्र के बाज़ार में सबसे तेज़ी से विकसित हुआ है जिसकी इस बाज़ार में 50% से अधिक हिस्सेदारी है।

नीचे दिये गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

34: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का शासी निकाय है।
2. UNEA वैश्विक पर्यावरण नीतियों के लिये प्राथमिकताएँ निर्धारित करने और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून विकसित करने हेतु द्विवार्षिक बैठक करता है।
3. UNEA की स्थापना वर्ष 1992 में रियो शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

35 सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सशस्त्र बलों और "अशांत क्षेत्रों" में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निरंकुश अधिकार देता है।
2. केंद्र और राज्य सरकार दोनों के पास किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

36: 'सीमा अवसंरचना और प्रबंधन योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह भारत की सभी अंतर्राष्ट्रीय भूमि सीमाओं को सुरक्षित करने में मदद करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. भारत निम्नलिखित में से किस देश के साथ अभ्यास 'ईस्टर्न ब्रिज' का आयोजन करता है?

A. सिंगापुर
B. ओमान
C. मालदीव
D. फ्राँस

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. G20 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।
2. केंद्रीय विदेश मंत्री भारत का "G20 शेरपा" हैं।
3. तुर्की और मैक्सिको G20 देशों में शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

39: राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सुपरकंप्यूटिंग ग्रिड बना कर देश में अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने हेतु लॉन्च किया गया था।
2. इस मिशन को पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा संचालित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

40. खारे पानी के मगरमच्छों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक 'एश्चुरिन क्रोकोडाइल' है लेकिन समुद्र के खारे पानी में रह सकता है।
2. यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अनुसूची-I में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41: अहोम साम्राज्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अहोम साम्राज्य बंधुआ मज़दूरों पर निर्भर था।
2. अहोमों ने हिंदू धर्म को अस्वीकार कर दिया और अपने स्वयं के आदिवासी देवताओं की पूजा की।
3. यांडाबू की संधि ने अहोमों द्वारा शासित भूमि को अंग्रेज़ों के हाथों में दे दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

42. भारत में बच्चों की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एनएफएचएस (NFHS)- 5 सर्वेक्षण के अनुसार, स्टंटिंग और वेस्टिंग के स्तर में सुधार हुआ है।
2. एनएफएचएस (NFHS-)- 4 की तुलना में NFHS-5 के अनुसार बच्चों में एनीमिया की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कार्बन पृथक्करण पौधों, मिट्टी, भूगर्भिक संरचनाओं और समुद्र में कार्बन का दीर्घकालिक भंडारण है।
2. समुद्र में लोहे की डंपिंग $CO_2$ अवशोषण में मदद करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44: 'रज़्ज़ाज़ा' झील हाल ही में चर्चा में रही थी, यह मौजूद है-

A. ईरान
B. इराक
C. यूक्रेन
D. कज़ाखस्तान

नोट :

45. हाल ही में चर्चा में रहा सस्टेनेबल सिटीज़ इंडिया प्रोग्राम निम्नलिखित में से किसके द्वारा लॉन्च किया गया है?

A. विश्व आर्थिक मंच

B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

C. विश्व बैंक

D. संयुक्त राष्ट्र-पर्यावास

46. स्वामी दयानंद सरस्वती के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह वर्ष 1876 में स्वराज के लिये "इंडिया फॉर इंडियन" के रूप में आह्वान करने वाले पहले व्यक्ति थे।
2. उन्होंने "वेदों की ओर लौटो" का नारा दिया।
3. उन्होंने चतुर्वर्ण प्रणाली की वैदिक धारणा प्रस्तुत की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FRP गन्ना उद्योग के पुनर्गठन को लेकर रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।
2. देश भर में FRP का भुगतान आवश्यक वस्तु अधिनियम (ECA), 1955 द्वारा नियंत्रित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

48. भाषा संगम पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं में रोजमर्रा के उपयोग के बुनियादी वाक्य सिखाने की एक पहल है।
2. इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

49: 'मिलन' अभ्यास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्यों द्वारा आयोजित एक बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास है।
2. 'मिलन-2022' का आयोजन पूर्वी चीन सागर में किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

50: 'देवायतनम' हाल ही में चर्चा में था। यह है-

A. एक प्रकार का मंदिर स्थापत्य

B. मंदिर वास्तुकला पर एक सम्मेलन

C. हाल ही में प्राप्त चोल काल के शिव मंदिर के अवशेष

D. कोणार्क के सूर्य मंदिर का दूसरा नाम

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व में एक-चौथाई से अधिक गेहूँ का निर्यात रूस तथा यूक्रेन द्वारा किया जाता है।
2. मिस्र दुनिया में गेहूँ का सबसे बड़ा आयातक है।
3. भारत में गेहूँ खरीफ मौसम में उगाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

52. 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. यह भारत की संचित निधि से वित्तपोषित है।
3. यह केवल गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को सहायता प्रदान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

53. स्विफ्ट मैसेजिंग सिस्टम हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन

B. भारत का स्वदेशी संदेश अनुप्रयोग

C. वैश्विक स्पाइवेयर नेटवर्क

D. रूस की निगरानी प्रणाली

54: 'इमिग्रेशन वीज़ा फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन ट्रैकिंग (IVFRT) स्कीम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आव्रजन, वीज़ा जारी करने, विदेशियों के पंजीकरण और देश में उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने और अनुकूलित करने का प्रयास करती है।
2. यह विदेश मंत्रालय द्वारा शुरू की जाने वाली मिशन मोड परियोजनाओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

55. निम्नलिखित में से कौन अभिनव भारत सोसाइटी के संस्थापक थे?

A. भगत सिंह

B. लाला लाजपत राय

C. विनायक दामोदर सावरकर

D. चंद्रशेखर आज़ाद

## व्याख्या: भाग-2

1. उत्तर: C

व्याख्या:

- सार्वजनिक व्यवस्था को आमतौर पर सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के समान माना जाता है।
- सार्वजनिक व्यवस्था उन तीन आधारों में से एक है जिन पर राज्य धर्म की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगा सकता है।
  - भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता और धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने तथा प्रचार करने का सामान अधिकार देता है, बशर्ते ये अधिकार सार्वजनिक व्यवस्थाओं, नैतिकता, स्वास्थ्य एवं मूल अधिकारों से संबंधित अन्य प्रावधानों के अनुरूप हों।
- सार्वजनिक व्यवस्था, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अन्य मौलिक अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले आधारों में से भी एक है। अत: कथन 1 सही है।
- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची (सूची 2) के अनुसार, सार्वजनिक व्यवस्था के पहलुओं पर कानून बनाने की शक्ति राज्यों में निहित है। अत: कथन 2 सही है।

2.उत्तर: A

व्याख्या:

- एपिलेप्सी (मिर्गी) एक केंद्रीय तंत्रिका तंत्र संबंधी विकार है, इसमें मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य हो जाती है, जिससे दौरे या असामान्य व्यवहार, संवेदनाएँ और कभी-कभी अभिज्ञता संबंधी हानि होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत में लगभग 60 लाख लोग मिर्गी से ग्रसित हैं।
  - कोई भी व्यक्ति मिर्गी रोग से ग्रस्त हो सकता है, लेकिन यह छोटे बच्चों और बड़े वयस्कों में अधिक आम है।
  - यह महिलाओं की तुलना में पुरुषों में थोड़ा अधिक देखा गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इलाज:
  - मिर्गी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन इस विकार को दवाओं और अन्य रणनीतियों द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।

3. उत्तर: C

व्याख्या:

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना:

- वर्ष 2016 में शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासित है।
  - इसने राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (NAIS) और संशोधित राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (MNAIS) को प्रतिस्थापित किया।
- उद्देश्य: फसल के खराब होने की स्थिति में एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करना ताकि किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिल सके।
- दायरा: वे सभी खाद्य और तिलहनी फसलें तथा वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें, जिनके लिये पिछली उपज के आँकड़े उपलब्ध हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- प्रीमियम: इस योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/प्रीमियम- खरीफ की सभी फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% है। वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामले में बीमा किस्त 5% है। अत: कथन 2 सही है।
    - किसानों के हिस्से की प्रीमियम लागत का वहन राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में बराबर साझा किया गया था।
    - हालाँकि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत बीमा किस्त सब्सिडी का 90% हिस्सा वहन किया जाता है।
- कार्यान्वयन: इसका कार्यान्वयन पैनल में शामिल सामान्य बीमा कंपनियों द्वारा किया जाता है। संबंधित राज्य सरकार बोली के माध्यम से कार्यान्वयन एजेंसी (IA) का चयन करती है।

संशोधित PMFBY: संशोधित PMFBY को अक्सर PMFBY 2.0 कहा जाता है, इसकी निम्नलिखित विशेषताएँ हैं:

- पूर्ण रूप से स्वैच्छिक: वर्ष 2020 के खरीफ सीज़न से यह सभी किसानों हेतु वैकल्पिक है।
    - इससे पहले अधिसूचित फसलों के लिये फसल ऋण/किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) खाते का लाभ उठाने वाले ऋणी किसानों के लिये यह योजना अनिवार्य थी।
- केंद्रीय सब्सिडी की सीमा: कैबिनेट ने इस योजना के तहत प्रीमियम दरों को असिंचित क्षेत्रों/फसलों के लिये 30% और सिंचित क्षेत्रों/फसलों हेतु 25% तक सीमित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि इन प्रीमियम दरों के आधार पर ही केंद्र सरकार द्वारा 50% सब्सिडी का वहन किया जाता है।
- राज्यों को अधिक नम्यता: सरकार ने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को PMFBY को लागू करने की छूट दी है और उन्हें किसी भी संख्या में अतिरिक्त जोखिम कवर/सुविधाओं का चयन करने का विकल्प दिया है।
- IEC गतिविधियों में निवेश: बीमा कंपनियों को सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) गतिविधियों पर एकत्रित कुल प्रीमियम का 0.5% खर्च करना होता है।

4. उत्तर: C

व्याख्या:

शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009:

- अनुच्छेद 21A के तहत शिक्षा का अधिकार: यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21(A) (86वें संशोधन) के तहत भारत में 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के महत्त्व के तौर-तरीकों का वर्णन करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - अधिनियम में समाज के वंचित वर्गों के लिये 25% आरक्षण अनिवार्य है और वंचित समूहों में शामिल हैं:
        - अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति।
        - सामाजिक रूप से पिछड़ा वर्ग।
        - नि:शक्तजन।अत: कथन 2 सही है।
- यह एक गैर-प्रवेशित बच्चे के लिये आयु-उपयुक्त वर्ग में भर्ती होने का भी प्रावधान करता है।
- इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय तथा अन्य ज़िम्मेदारियों को साझा करने की भी बात की गई है।
- यह संबंधित मानदंडों और मानकों को निर्धारित करता है:
    - छात्र शिक्षक अनुपात (Pupil Teacher Ratios)
    - इमारतें और बुनियादी ढाँचा (Buildings and Infrastructure)
    - स्कूल-कार्य दिवस (School-working days)
    - शिक्षक-कार्य के घंटे (Teacher-working hours)

5. उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1510 में गोवा एक पुर्तगाली उपनिवेश बन गया, जब एडमिरल 'अल्फांसो द अल्बुकर्क' ने जियापुर के सुल्तान युसूफ आदिल शाह की सेना को हराया। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- वर्ष 1961 में पुर्तगालियों के साथ राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन विजय चलाकर 19 दिसंबर को दमन और दीव तथा गोवा को भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिला लिया गया। अत: कथन 2 सही है।
- इसने गोवा में 451 वर्षों के पुर्तगाली विदेशी प्रांतीय शासन का अंत कर दिया।

6: उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्त्ताओं ने 'ओरिगामी मेटामैटेरियल्स' नामक एक नई सामग्री विकसित की है, जिसके कई महत्त्वपूर्ण उपयोग हो सकते हैं।
  - इसमें पेपर फोल्डिंग (ओरिगामी) की जापानी कला का उपयोग किया जाता है और वांछित गुण प्राप्त करने हेतु इसे मोड़ा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- शोधकर्त्ताओं ने ओरिगामी मेटामैटेरियल्स की एक विशेष श्रेणी विकसित की है, जो तनाव की स्थिति में भी 'पॉइसन अनुपात' का निरंतर मूल्य प्रदर्शित करती है। अत: कथन 3 सही है।
  - जब इस सामग्री को किसी विशेष दिशा में खींचा जाता है, तो इसमें लंबवत या पार्श्व दिशा में एक परिवर्तन होता है।
  - बल के साथ विरूपण और बल के पार्श्व दिशा में विरूपण के बीच के अनुपात को 'पॉइसन अनुपात' कहा जाता है। पॉइसन अनुपात सकारात्मक या नकारात्मक हो सकता है।
  - इसके प्रयोग के दौरान सामग्री को दाब के माध्यम से नष्ट करने के लिये एक निरंतर पॉइसन अनुपात बनाए रखने की आवश्यकता होती है। हालाँकि वे ऐसा नहीं करने के लिये प्रवृत्त होते हैं और उनके विकृत होने पर पॉइसन अनुपात भिन्न हो जाता है।
- इसका लाभ यह है कि परीक्षण के दौरान प्रयोग की गई वस्तु इस बात पर निर्भर नहीं करती है कि यह कागज़, बहुलक या धातु की शीट से बनाया गया है।
- मेटामैटेरियल्स (Metamaterials) स्मार्ट सामग्री होती है जिसमें गुणों की एक विस्तृत शृंखला पाई जाती है और वे एक-दूसरे से इतने भिन्न हो सकते हैं कि उनकी कोई निश्चित परिभाषा नहीं है, हालाँकि उन सभी में एक सामान्य बात यह है कि इनका निर्माण कृत्रिम रूप से किया जाता है।
- अर्थात् वे प्रकृति में नहीं पाए जाते हैं बल्कि लोगों द्वारा निर्मित हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

7 .उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप प्रौढ़ शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने हेतु वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिये "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य:
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और अंकगणित की शिक्षा प्रदान करना है बल्कि उन अन्य घटकों को भी शामिल करना है जो 21वीं सदी के नागरिकों के लिये आवश्यक हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- अन्य घटकों में शामिल हैं:
  - महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल (वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता, बाल देखभाल एवं शिक्षा, तथा परिवार कल्याण आदि)।
  - व्यावसायिक कौशल विकास (स्थानीय रोज़गार प्राप्त करने की दृष्टि से)।
  - बुनियादी शिक्षा (प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक स्तर की समकक्षता सहित)।
  - सतत् शिक्षा (कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल और मनोरंजन में समग्र वयस्क शिक्षा पाठ्यक्रम, साथ ही स्थानीय शिक्षार्थियों हेतु रुचि के अन्य विषयों का उपयोग जैसे महत्त्वपूर्ण जीवन कौशल पर अधिक उन्नत सामग्री सहित)।

8. उत्तर: C

व्याख्या:

कृत्रिम बुद्धिमता (AI):

- 'कृत्रिम बुद्धिमता' उन कार्यों को पूरा करने वाली मशीनों को संदर्भित करती है जिनके लिये मानव बुद्धि की आवश्यकता होती है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें मशीन लर्निंग, पैटर्न रिकग्निशन, बिग डेटा, न्यूरल नेटवर्क्स, सेल्फ एल्गोरिथम जैसी प्रौद्योगिकियाँ शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इस अवधारणा की उत्पत्ति ग्रीक पौराणिक कथाओं में देखी जा सकती है, परंतु यह केवल आधुनिक इतिहास के दौरान ही देखी गई है जब संग्रहीत प्रोग्राम इलेक्ट्रॉनिक कंप्यूटर विकसित किये गए थे।
- 'कृत्रिम बुद्धिमता'में जटिल कार्य शामिल होते हैं, जैसे मशीन में किसी विशेष डेटा को फीड करना और विभिन्न स्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया देना।

9.उत्तर: C

व्याख्या:

किशोर न्याय प्रणाली की परिभाषा

- किशोर न्याय प्रणाली उन बच्चों से संबंधित है जिन्होंने किसी प्रकार से कानून का उल्लंघन किया है और जिन्हें देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता है।
    - भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को किशोर माना जाता है।
    - अवयस्क वह व्यक्ति है, जिसने पूर्ण कानूनी उत्तरदायित्व संबंधी आयु प्राप्त नहीं की है और किशोर एक ऐसा अवयस्क है जिसने कोई अपराध किया है तथा उसे देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता है।
    - भारत में 7 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को 'डॉक्ट्रिन ऑफ डोली इनकैपैक्स' के कारण किसी भी अपराध के लिये दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, जिसका अर्थ है कि अपराध करने का इरादा रखने में असमर्थ व्यक्ति। अत: कथन 2 सही है।

किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015:

- इस अधिनियम को संसद में काफी विवाद और विरोध के बाद पारित किया गया था। इसके द्वारा मौजूदा कानून में कई बदलाव किये गए हैं।
- इस अधिनियम के तहत जघन्य अपराधों में शामिल 16-18 आयु वर्ग के किशोरों को वयस्कों के रूप में माना गया है। अत: कथन 1 सही है।
- किशोर न्याय प्रणाली को अधिक उत्तरदायी और समाज की बदलती परिस्थितियों के अनुसार बनाया गया है।
- अधिनियम अनाथ, परित्यक्त, आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों की स्पष्ट परिभाषा देने के साथ उनके लिये एक संगठित प्रणाली प्रदान करता है।

10: उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन 'ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान' (TERI) का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह वैश्विक मुद्दों पर एकमात्र शिखर सम्मेलन है, जो विकासशील देशों के बीच आयोजित होता है।
- इसकी अवधारणा सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिये एकल मंच के रूप में की गई है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य सतत् विकास, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र से संबंधित वैश्विक नेताओं और विद्वानों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

नोट :

11.उत्तर: D

व्याख्या:

- स्वामित्व योजना पंचायती राज मंत्रालय (Ministry of Panchayati Raj), राज्यों के पंचायती राज विभाग (Panchayati Raj Department), राज्य राजस्व विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग (Survey of India) का सहयोगात्मक प्रयास है।
- उद्देश्य: भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान प्रदान करना।
  - यह ड्रोन तकनीक और निरंतर संचालन संदर्भ स्टेशन (CORS) का उपयोग करके ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में भूमि के सीमांकन व मानचित्रण की एक योजना है। अत: विकल्प D सही है।
  - मानचित्रण का कार्य पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से चार साल की अवधि में वर्ष 2020 से 2024 तक किया जाएगा।

12.उत्तर: B

व्याख्या:

मोहोरोविकिक असंबद्धता:

- 'मोहोरोविकिक असंबद्धता' (Mohorovicic Discontinuity) या 'मोहो' (Moho) क्रस्ट और मेंटल के बीच की सीमा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भू-विज्ञान में "असंबद्धता" शब्द का प्रयोग उस सतह के लिये किया जाता है जिस पर भूकंपीय तरंगें अपनी गति को परिवर्तित करती हैं।
- इनमें से एक सतह समुद्र के बेसिन के नीचे 8 किलोमीटर की औसत गहराई पर और महाद्वीपों के नीचे लगभग 32 किलोमीटर की औसत गहराई पर मौजूद है।
- इस असंबद्धता पर भूकंपीय तरंगों की गति में तीव्रता देखी जाती है। इस सतह को मोहोरोविकिक असंबद्धता (Mohorovicic Discontinuity) के रूप में जाना जाता है या अक्सर इसे 'मोहो' कहा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- मोहोरोविकिक असंबद्धता की खोज वर्ष 1909 में एक क्रोएशियाई भूकंपविज्ञानी एंड्रीजा मोहोरोविकिक (Andrija Mohorovicic) द्वारा की गई थी।

13. उत्तर: A

व्याख्या:

- सिंथेटिक बायोलॉजी, अप्राकृतिक जीवों या कार्बनिक अणुओं के निर्माण के लिये आनुवंशिक अनुक्रमण, संपादन और संशोधन प्रक्रिया का उपयोग करने संबंधी विज्ञान को संदर्भित करती है जो जीवित प्रणालियों में कार्य कर सकते हैं।
- 'सिंथेटिक बायोलॉजी' शब्द का इस्तेमाल पहली बार 'बारबरा होबोमिन' ने वर्ष 1980 में बैक्टीरिया का वर्णन करने के लिये किया था, जिन्हें पुन: संयोजक डीएनए तकनीक का उपयोग करके आनुवंशिक रूप से निर्मित किया गया था।
- इस शब्द का प्रयोग अधिक व्यापक रूप से 'जीवन को नया स्वरूप देने' के प्रयासों के संदर्भ में किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत द्वारा अभी औपचारिक रूप से सिंथेटिक बायोलॉजी (नीति और नियामक दोनों) पर अपनी राष्ट्रीय रणनीति का निर्माण किया जाना बाकी है। हाल ही में जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सिंथेटिक बायोलॉजी पर एक मसौदा दूरदर्शिता पत्र जारी किया।
  - यह दस्तावेज़ एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता पर ज़ोर देता है जो इस मुद्दे पर भारत के रुख को मज़बूत कर सके। अत: कथन 2 सही नहीं है।

14:उत्तर: C

व्याख्या:

स्टेम सेल (Stem Cells):

- स्टेम सेल विशेष कोशिकाएँ होती हैं जो स्वयं की प्रतिकृतियाँ बना सकती हैं तथा विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं जिनकी शरीर को आवश्यकता होती, में परिवर्तित हो सकती हैं। उनके दो अद्वितीय गुण हैं जो उन्हें ऐसा करने में सक्षम बनाते हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- ◆ वे नई कोशिकाओं के निर्माण हेतु बार-बार विभाजित हो सकती हैं।
- ◆ विभाजित होने के बाद वे शरीर के निर्माण हेतु अन्य प्रकार की कोशिकाओं में बदल सकती हैं।
- स्टेम सेल कई तरह की होती हैं और ये शरीर के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग समय पर पाई जाती हैं।
- कैंसर और इसके इलाज से हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल को नुकसान पहुँच सकता है। हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल ऐसे स्टेम सेल होते हैं जो रक्त कोशिकाओं में बदल जाते हैं।

### स्टेम सेल की उपयोगिता:

- अनुसंधान: यह बुनियादी जीव विज्ञान को समझने में मदद करता है कि सजीव वस्तुएँ कैसे काम करती हैं और बीमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में क्या होता है।
- थेरेपी - विलुप्त या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं को बदलने में, जिन्हें शरीर स्वाभाविक रूप से प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।

15:उत्तर: B

व्याख्या

तारापुर नरसंहार:

- 15 फरवरी, 1932 को युवा स्वतंत्रता सेनानियों के एक समूह ने तारापुर थाना भवन में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने की योजना बनाई। अत: कथन 1 सही है।
- पुलिस को इस योजना की जानकारी थी और मौके पर कई अधिकारी मौजूद थे।
- 4,000 की भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें नागरिक प्रशासन का एक अधिकारी घायल हो गया।
- पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग की। लगभग 75 राउंड फायरिंग के बाद मौके पर 34 शव मिले, हालाँकि इससे भी बड़ी संख्या में मौतों का दावा किया जा रहा था।
- मृतकों में से सिर्फ 13 लोगों की ही पहचान की गई।

### विरोध की वजह:

- 23 मार्च, 1931 को लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी दिये जाने के कारण पूरे देश में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई।
- गांधी-इरविन पैक्ट निरस्त होने के बाद महात्मा गांधी को वर्ष 1932 की शुरुआत में गिरफ्तार कर लिया गया था।
  - ◆ इस समझौते द्वारा गांधीजी ने लंदन में एक गोलमेज़ सम्मेलन (कॉन्ग्रेस ने पहले गोलमेज़ सम्मेलन का बहिष्कार किया था) में भाग लेने के लिये सहमति व्यक्त की और सरकार राजनीतिक कैदियों को रिहा करने पर सहमत हो गई।
- कॉन्ग्रेस को एक अवैध संगठन घोषित किया गया और नेहरू, पटेल तथा राजेंद्र प्रसाद को भी जेल में डाल दिया गया।
- मुंगेर में स्वतंत्रता सेनानी श्रीकृष्ण सिंह, नेमधारी सिंह, निरापद मुखर्जी, पंडित दशरथ झा, बासुकीनाथ राय, दीनानाथ सहाय और जयमंगल शास्त्री को गिरफ्तार किया गया था।
- कॉन्ग्रेस नेता सरदार शार्दुल सिंह कविश्वर द्वारा सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराने का आह्वान तारापुर में गूँज उठा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

16. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी अभिसमय, 1951 पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, जो शरणार्थी संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनी दस्तावेज़ है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में शरणार्थियों की बढ़ती संख्या के बावजूद, शरणार्थियों की समस्या के समाधान के लिये विशिष्ट कानून का अभाव है।
  - ◆ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग बनाम स्टेट ऑफ अरुणाचल प्रदेश (1996) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि "सभी अधिकार नागरिकों के लिये उपलब्ध हैं, जबकि विदेशी नागरिकों सहित सभी व्यक्तियों को समानता का अधिकार और जीवन का अधिकार उपलब्ध हैं।"

नोट :

- शरणार्थी और शरण चाहने वाले व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 20 (अपराधों की सज़ा के संबंध में संरक्षण) और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत अधिकारों के हकदार हैं।अत: कथन 2 सही है।

17. उत्तर: C

व्याख्या:

व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता (CEPA):

- यह एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जिसमें सेवाओं एवं निवेश के संबंध में व्यापार और आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर बातचीत करना शामिल है। यह व्यापार सुविधा व सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों पर बातचीत किये जाने पर भी विचार कर सकता है।
- व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक हैं। अत: कथन 1 सही है।
- CEPA व्यापार के नियामक पहलू को भी देखता है और नियामक मुद्दों को कवर करने वाले एक समझौते को शामिल करता है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं।

18. उत्तर: B

व्याख्या:

प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR):

- प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) एक लिखित दस्तावेज़ है जो पुलिस द्वारा तब तैयार की जाती है जब उसे किसी संज्ञेय अपराध के बारे में सूचना प्राप्त होती है।
- FIR शब्द भारतीय दंड संहिता (IPC), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 या किसी अन्य कानून में परिभाषित नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - हालाँकि पुलिस नियमों या कानूनों में सीआरपीसी की धारा 154 के तहत दर्ज की गई जानकारी को प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) के रूप में जाना जाता है।
- FIR के तीन महत्त्वपूर्ण तत्त्व हैं:
    - जानकारी एक संज्ञेय अपराध से संबंधित होनी चाहिये।
    - यह सुचना लिखित या मौखिक रूप में थाने के प्रमुख को दी जानी चाहिये।
    - इसे मुखबिर द्वारा लिखा और हस्ताक्षरित किया जाना चाहिये और इसके प्रमुख बिंदुओं को दैनिक डायरी में दर्ज किया जाना चाहिये।

### ज़ीरो एफआईआर का अर्थ:

- जब एक पुलिस स्टेशन को किसी अन्य पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में किये गए कथित अपराध के विषय में शिकायत प्राप्त होती है, तो यह एक प्राथमिकी दर्ज करता है और फिर आगे की जाँच के लिये उसे संबंधित पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर देता है।
    - इसी प्रकार की प्राथमिकी को 'ज़ीरो एफआईआर' कहा जाता है।
- इसमें एफआईआर को कोई नियमित नंबर नहीं दिया जाता है। 'ज़ीरो एफआईआर' मिलने के बाद संबंधित थाने की पुलिस नई एफआईआर दर्ज कर जाँच शुरू देती है। अत: कथन 2 सही है।

19.: उत्तर: B

व्याख्या:

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA)

- सरकार ने 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA) की योजना को 31 मार्च, 2026 तक या अगली समीक्षा तक (जो भी पहले हो) जारी रखने की मंज़ूरी दे दी है।

- यह अक्तूबर 2013 में शुरू की गई केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को रणनीतिक वित्तपोषण प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- केंद्रीय वित्तपोषण (सामान्य श्रेणी के राज्यों के लिये 60:40 के अनुपात में, विशेष श्रेणी के राज्यों के लिये 90:10 के अनुपात में और केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 100%) मानदंड और परिणाम आधारित है।
- इस कार्यक्रम के तहत वित्तपोषण की राशि विशिष्ट संस्थानों तक पहुँचने से पूर्व राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों के माध्यम से 'राज्य उच्च शिक्षा परिषदों' को प्रदान की जाती है।
  - विभिन्न राज्यों को वित्तपोषण 'राज्य उच्च शिक्षा योजनाओं' के मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा, जो उच्च शिक्षा में समानता, पहुँच एवं उत्कृष्टता के मुद्दों को संबोधित करने हेतु प्रत्येक राज्य की रणनीति का वर्णन करेगा।

## नए चरण में परिकल्पना:

- 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' (RUSA) के नए चरण का लक्ष्य सुविधा से वंचित क्षेत्रों, अपेक्षाकृत कम सुविधा वाले क्षेत्रों, दूरदराज़/ग्रामीण क्षेत्रों, कठिन भौगोलिक स्थिति वाले क्षेत्रों, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों, उत्तर पूर्वी क्षेत्रों (एनईआर), आकांक्षी ज़िलों, द्वितीय श्रेणी (टियर-2) के शहरों, कम जीईआर वाले क्षेत्रों आदि तक पहुँच स्थापित करना और सतत् विकास लक्ष्यों का लाभ प्रदान करना है।
- इस योजना के नए चरण को नई शिक्षा नीति की उन सिफारिशों और उद्देश्यों को लागू करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो वर्तमान उच्च शिक्षा प्रणाली में कुछ महत्त्वपूर्ण बदलावों का सुझाव देते हैं ताकि प्रणाली में सुधार लाकर इसे फिर से सक्रिय किया जा सके और समानता एवं समावेशन के साथ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान की जा सके।
- इस योजना के नए चरण के तहत लैंगिक समावेशन, समानता संबंधी पहल, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल उन्नयन के माध्यम से रोज़गार बढ़ाने के लिये राज्य सरकारों को सहायता प्रदान की जाएगी।
- राज्य सरकारों को नए मॉडल डिग्री कॉलेज बनाने के लिये भी सहयोग दिया जाएगा।
- बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान के लिये राज्य के विश्वविद्यालयों को सहायता दी जाएगी।
- भारतीय भाषाओं में सिखाने-सीखने सहित विभिन्न गतिविधियों के लिये मान्यता प्राप्त और गैर-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों को मज़बूती प्रदान करने के उद्देश्य से अनुदान प्रदान किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

20: उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV) रॉकेट का उपयोग करके दो अन्य छोटे उपग्रहों के साथ एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (EOS-04) को अंतरिक्ष में लॉन्च किया। यह पीएसएलवी (Polar Satellite Launch Vehicle) की 54वीं उड़ान थी।
- प्रक्षेपण यान/रॉकेट में शक्तिशाली प्रणोदन प्रणाली होती है जो भारी मात्रा में ऊर्जा उत्पन्न करती है और उपग्रहों जैसी भारी वस्तुओं को अंतरिक्ष में ले जाने के साथ पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के विपरीत संतुलन स्थापित करती है।
- उपग्रह को वैज्ञानिक कार्य हेतु एक या एक से अधिक उपकरण के साथ अंतरिक्ष में भेजा जाता है। उनका परिचालनकाल कभी-कभी दशकों तक बढ़ जाता है।
  - लेकिन रॉकेट या प्रक्षेपण यान प्रक्षेपण के बाद उपयोगी नहीं रहते हैं। इनका एकमात्र कार्य उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में ले जाना है।
- रॉकेट में वियोज्य ऊर्जा प्रदान करने वाले कई भाग होते हैं।
  - इनका उपयोग रॉकेट के संचालन के लिये विभिन्न प्रकार के ईंधन जलाने में किया जाता हैं। एक बार जब ईंधन समाप्त हो जाता है, तो वे रॉकेट से अलग होकर गिर जाते हैं, अक्सर वे वायु-घर्षण के कारण वातावरण में ही जलकर नष्ट हो जाते हैं।
  - मूल रॉकेट का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही उपग्रह के इच्छित गंतव्य तक जाता है। एक बार जब उपग्रह को अंत में बाहर निकाल दिया जाता है, तो रॉकेट का यह अंतिम भाग या तो अंतरिक्ष के मलबे का हिस्सा बन जाता है या फिर वायुमंडल में गिरने के बाद जलकर नष्ट हो जाता है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

21. उत्तर: D

व्याख्या:

अरुणाचल प्रदेश:

- अरुणाचल प्रदेश का गठन वर्ष 1987 में असम से अलग एक पूर्ण राज्य के रूप में किया गया था।
  - पश्चिम में अरुणाचल प्रदेश की सीमा भूटान से लगती है और इसके उत्तर में चीन का तिब्बती क्षेत्र पड़ता है।
  - इसके दक्षिण-पूर्वी भाग में नगालैंड और म्याँमार हैं, जबकि दक्षिण-पश्चिमी भाग में असम पड़ता है। अत: कथन 1 सही है।
- इस राज्य में 26 प्रमुख जनजातियाँ निवास करती हैं, इनमें लगभग 100 से अधिक उप-जनजातियाँ हैं, जिनमें से कई जनजातियों की पहचान नहीं की गई है। इस राज्य की लगभग 65% जनसंख्या आदिवासी है।
- जैव विविधता:
  - राजकीय पशु: मिथुन (जिसे गयाल के नाम से भी जाना जाता है)। अत: कथन 3 सही है
  - राजकीय पक्षी: हॉर्नबिल।
  - दिहांग दिबांग बायोस्फियर रिज़र्व भी इसी राज्य में स्थित है।
- संरक्षित क्षेत्र:
  - नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान
  - मौलिंग नेशनल पार्क
  - सेसा ऑर्किड अभयारण्य
  - दिबांग वन्यजीव अभयारण्य
  - पक्के बाघ अभयारण्य अत: कथन 2 सही है

22. उत्तर: B

व्याख्या:

भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी:

- भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण हेतु भौगोलिक सूचना प्रणाली (Geographic Information System-GPS), ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (Global Positioning System- GPS) और रिमोट सेंसिंग जैसे उपकरणों का उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- ये उपकरण वस्तुओं, घटनाओं और परिघटनाओं (पृथ्वी पर उनकी भौगोलिक स्थिति के अनुसार अनुक्रमित, जियोटैग) के बारे में स्थानिक जानकारी प्रदान करते हैं। किसी स्थान का डेटा स्थिर (Static) या गतिशील (Dynamic) हो सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- किसी स्थान के स्थिर डेटा/स्टेटिक लोकेशन डेटा (Static Location Data) में सड़क की स्थिति, भूकंप की घटना या किसी विशेष क्षेत्र में बच्चों में कुपोषण की स्थिति के बारे में जानकारी शामिल होती है, जबकि किसी स्थान के गतिशील डेटा /डायनेमिक लोकेशन डेटा (Dynamic Location Data) में संचालित वाहन या पैदल यात्री, संक्रामक बीमारी के प्रसार आदि से संबंधित डेटा शामिल होता है।
- बड़ी मात्रा में डेटा में स्थानिक पैटर्न की पहचान के लिये इंटेलिजेंस मैप्स (Intelligent Maps) निर्मित करने के लिये प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है।
- यह प्रौद्योगिकी दुर्लभ संसाधनों के महत्त्व और उनकी प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लेने में मददगार हो सकती है।

23. उत्तर: C

व्याख्या

- नीति के तहत सरकार उत्पादन हेतु विशिष्ट विनिर्माण क्षेत्र स्थापित करने की पेशकश कर रही है, प्राथमिकता के आधार पर ISTS (इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम) से कनेक्टिविटी और जून 2025 से पहले उत्पादन सुविधा चालू होने पर 25 वर्ष के लिये मुफ्त ट्रांसमिशन की पेशकश की गई है। अत: कथन 1 सही है।

- इसका मतलब यह है कि हरित हाइड्रोजन उत्पादक असम में एक हरित हाइड्रोजन संयंत्र को नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति करने हेतु राजस्थान में एक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्षम होंगे और उसे किसी भी 'अंतर-राज्यीय संचरण शुल्क' का भुगतान नहीं करना होगा।
- इसके अलावा उत्पादकों को शिपिंग द्वारा निर्यात के लिये हरित अमोनिया के भंडारण हेतु बंदरगाहों के पास बंकर स्थापित करने की अनुमति होगी। अत: कथन 2 सही है।
- उत्पादन लक्ष्य भी वर्ष 2030 तक 10 लाख टन से 5 मिलियन टन तक पाँच गुना बढ़ा दिया गया है।
  - अक्तूबर, 2021 में यह घोषणा की गई थी कि भारत प्रारंभ में वर्ष 2030 तक लगभग 1 मिलियन टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है।
- ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया के विनिर्माताओं को पावर एक्सचेंज से नवीकरणीय ऊर्जा खरीदने या स्वयं या किसी अन्य डेवलपर के माध्यम से कहीं भी नवीकरणीय ऊर्जा (RE) क्षमता स्थापित करने की अनुमति है।
- इसके अलावा यह उत्पादकों को डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनियों) द्वारा उत्पन्न किसी भी अधिशेष नवीकरणीय ऊर्जा को 30 दिनों तक के लिये भंडारित करने और आवश्यकतानुसार इसका उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है।
- डिस्कॉम हरित हाइड्रोजन उत्पादकों को आपूर्ति के लिये अक्षय ऊर्जा की खरीद भी कर सकता है, लेकिन वह रियायती दर पर ही ऐसा कर सकता है, जिसमें नई नीति के तहत राज्य आयोग द्वारा निर्धारित केवल खरीद की लागत, व्हीलिंग शुल्क और एक छोटा सा मार्जिन शामिल होगा।
  - इस तरह की खरीद की गणना राज्य के नवीनीकरण खरीद दायित्व (RPO) में की जाएगी, जिसके तहत नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों से अपनी आवश्यकताओं का एक निश्चित अनुपात प्राप्त करना आवश्यक है।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा व्यापार सुगमता के लिये समयबद्ध वैधानिक मंज़ूरी सहित सभी गतिविधियों हेतु एक एकल पोर्टल स्थापित किया जाएगा।

24.उत्तर: D

व्याख्या:

- एक न्यूट्रिनो एक मौलिक प्राथमिक कण है और जब सौर विकिरण पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है तो वायुमंडलीय न्यूट्रिनो का अध्ययन किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- उनका पता लगाना बहुत कठिन होता है क्योंकि वे विद्युत आवेश की कमी के कारण पदार्थ के अन्य रूपों के साथ मुश्किल से मिलते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - हालाँकि वे ब्रह्मांड के प्राथमिक भौतिकी में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे भौतिक विज्ञानी कुछ दशकों से समझने की कोशिश कर रहे हैं।
- इनका निर्माण उच्च-ऊर्जा प्रक्रियाओं जैसे सितारों के भीतर और सुपरनोवा से होता है तथा पृथ्वी पर वे कण त्वरक व परमाणु ऊर्जा संयंत्रों द्वारा निर्मित होते हैं। अत: कथन 3 सही है।
- दूर के तारों और आकाशगंगाओं से न्यूट्रिनो का अवलोकन करने के लिये अब तक न्यूट्रिनो भौतिकी ज़्यादातर बाहरी अंतरिक्ष स्रोतों तक ही सीमित रही है।

25: उत्तर: B

व्याख्या:

- संविधान के 53वें संशोधन, 1986 के बाद 20 फरवरी, 1987 को मिज़ोरम भारत का राज्य बन गया।
- मिज़ो पर्वतीय क्षेत्र स्वतंत्रता के समय असम के भीतर लुशाई हिल्स ज़िला बन गया। आगे चलकर वर्ष 1954 में इसका नाम बदलकर असम का मिज़ो हिल्स ज़िला कर दिया गया।
  - मिज़ो नेशनल फ्रंट (MNF) के नरमपंथियों के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर के बाद वर्ष 1972 में मिज़ोरम को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था।

नोट :

- केंद्र सरकार और MNF के बीच समझौता ज्ञापन (मिज़ोरम शांति समझौता) पर हस्ताक्षर करने के बाद 1986 में केंद्रशासित प्रदेश मिज़ोरम को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।

- भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR), 2021 के अनुसार, मिज़ोरम में वनावरण क्षेत्रफल (85.4%) देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। अत: कथन 1 सही है।
- संरक्षित क्षेत्र:
  - डंपा टाइगर रिज़र्व
  - मुरलेन राष्ट्रीय उद्यान
  - फवंगपुई राष्ट्रीय उद्यान
  - नेंगेंगपुई वन्यजीव अभयारण्य
  - तवी वन्यजीव अभयारण्य
  - अत: कथन 2 सही है।

26.उत्तर: C

व्याख्या:

- GMRT 45 मीटर व्यास के पूरी तरह से संचालित तीस परवलयिक रेडियो दूरबीनों की एक शृंखला है।
  - यह टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (NCRA-TIFR) के नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिज़िक्स द्वारा संचालित है।
  - GMRT एक स्वदेशी परियोजना है। इसका डिज़ाइन 'स्मार्ट' अवधारणा पर आधारित है। अत: कथन 2 सही है।
- यह रेडियो स्पेक्ट्रम के मीटर तरंगदैर्ध्य भाग पर कार्य करता है क्योंकि भारत में स्पेक्ट्रम के इस हिस्से में मानव निर्मित रेडियो हस्तक्षेप काफी कम है और कई उत्कृष्ट खगोल भौतिकी समस्याएँ हैं जिनका मीटर तरंगदैर्ध्य पर सबसे अच्छा अध्ययन किया जाता है।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को वर्तमान महाराष्ट्र राज्य में पुणे ज़िले के शिवनेरी किले में हुआ था।
  - उनका जन्म एक मराठा सेनापति शाहजी भोंसले के घर हुआ था, जिनके अधिकार में बीजापुर सल्तनत के तहत पुणे और सुपे की जागीरें थीं तथा उनकी माता जीजाबाई एक धर्मपरायण महिला थीं, जिनके धार्मिक गुणों का उन पर गहरा प्रभाव था।
  - उन्होंने वर्ष 1645 में पहली बार अपने सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जब किशोर उम्र में ही उन्होंने बीजापुर के अधीन तोरण किले (Torna Fort) पर सफलतापूर्वक नियंत्रण प्राप्त कर लिया। अत: कथन 1 सही है।
    - उन्होंने कोंडाना किले (Kondana Fort) पर भी अधिकार कर लिया। ये दोनों किले बीजापुर के आदिल शाह के अधीन थे।
- महत्त्वपूर्ण युद्ध:
  - प्रतापगढ़ का युद्ध, 1659: यह युद्ध मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज और आदिलशाही सेनापति अफज़ल खान की सेनाओं के बीच महाराष्ट्र के सतारा शहर के पास प्रतापगढ़ के किले में लड़ा गया था।
  - पुरंदर का युद्ध, 1665: यह युद्ध मुगल साम्राज्य और मराठा साम्राज्य के बीच लड़ा गया।
  - सिंहगढ़ का युद्ध, 1670:यह युद्ध महाराष्ट्र के पुणे शहर के पास सिंहगढ़ के किले पर मराठा शासक शिवाजी महाराज के सेनापति तानाजी मालुसरे और जय सिंह प्रथम के अधीन गढ़वाले उदयभान राठौड़, जो कि मुगल सेना प्रमुख थे, के बीच लड़ा गया।
  - संगमनेर का युद्ध, 1679: यह युद्ध मुगल साम्राज्य और मराठा साम्राज्य के बीच लड़ा गया। यह आखिरी युद्ध था जिसमें मराठा राजा शिवाजी लड़े थे। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- मुगलों के साथ संघर्ष:
  - मराठों ने अहमदनगर के पास और वर्ष 1657 में जुन्नार में मुगल क्षेत्र पर छापा मारा।
    - औरंगज़ेब ने नसीरी खान को भेजकर छापेमारी का जवाब दिया, जिसने अहमदनगर में शिवाजी की सेना को हराया था।

- शिवाजी ने वर्ष 1659 में पुणे में शाइस्ता खान (औरंगज़ेब के मामा) और बीजापुर सेना की एक बड़ी सेना को हराया।
  - शिवाजी ने वर्ष 1664 में सूरत के मुगल व्यापारिक बंदरगाह को अपने कब्ज़े में ले लिया।
- जून 1665 में शिवाजी और राजा जय सिंह प्रथम (औरंगज़ेब का प्रतिनिधित्व) के बीच पुरंदर की संधि (Treaty of Purandar) पर हस्ताक्षर किये गए। अत: कथन 2 सही है।
  - इस संधि के अनुसार, मराठों को कई किले मुगलों को देने पड़े और शिवाजी, औरंगज़ेब से आगरा में मिलने के लिये सहमत हुए। शिवाजी अपने पुत्र संभाजी को भी आगरा भेजने के लिये तैयार हो गए।

28: उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने समग्र भारत में खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव करने हेतु 100 किसान ड्रोन की शुरुआत की है।
  - उन्होंने भारत में रासायनिक मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिये 'ड्रोन किसान यात्रा' की भी शुरुआत की। अत: कथन 1 सही है।
- किसान ड्रोन में कीटनाशकों और पोषक तत्त्वों से भरा एक मानवरहित टैंक होता है।
- ड्रोन में लगभग 5 से 10 किलोग्राम की उच्च क्षमता मौजूद होती है।
- ड्रोन द्वारा सिर्फ 15 मिनट में करीब एक एकड़ ज़मीन पर 5 से 10 किलोग्राम कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकेगा।
  - इससे समय की बचत होगी, कम मेहनत में छिड़काव समान रूप से किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उनका उपयोग खेतों से सब्जियों, फल, मछली आदि को बाज़ारों तक ले जाने के लिये भी किया जाएगा।
  - इन वस्तुओं की आपूर्ति कम-से-कम नुकसान के साथ सीधे बाज़ार में की जाएगी जिसमें कम समय लगेगा, परिणामस्वरूप किसानों और मछुआरों को अधिक लाभ होगा।
- देश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये किसान ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।
- फसल मूल्यांकन, भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, कीटनाशकों और पोषक तत्त्वों के छिड़काव के लिये किसान ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
- यह एक नई बढ़त क्रांति की शुरुआत करेगा क्योंकि उच्च क्षमता वाले ड्रोन का उपयोग सब्जियों, फलों, मछलियों को सीधे खेतों से बाज़ार तक ले जाने के लिये किया जाएगा।
- भारत में ड्रोन बाज़ार के विकास से युवाओं के लिये रोज़गार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

29. उत्तर: C

व्याख्या:

बैंगनी क्रांति:

- परिचय:
  - बैंगनी या लैवेंडर क्रांति 2016 में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) अरोमा मिशन के माध्यम से शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - जम्मू और कश्मीर के लगभग सभी 20 ज़िलों में लैवेंडर की खेती की जाती है।
  - मिशन के तहत पहली बार लैवेंडर के पौधे मुफ्त में दिये गए, जबकि इससे पहले लैवेंडर की खेती करने वाले किसानों से 5-6 रुपए प्रति पौधा लिया जाता था। अत: कथन 2 सही है।
- उद्देश्य:
  - आयातित सुगंधित तेलों से घरेलू किस्मों की ओर बढ़ते हुए घरेलू सुगंधित फसल आधारित कृषि अर्थव्यवस्था का समर्थन करना।
- उत्पाद:
  - मुख्य उत्पाद लैवेंडर का तेल है जो कम-से-कम 10,000 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिकता है।
  - लैवेंडर जल जो लैवेंडर के तेल से अलग होता है, अगरबत्ती बनाने के लिये प्रयोग किया जाता है।

नोट :

- हाइड्रोसोल, जो फूलों से आसवन के बाद बनता है, साबुन और फ्रेशनर बनाने के लिये उपयोग किया जाता है।
- महत्त्व:
  - यह वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की नीति के अनुरूप है।
  - यह नवोदित किसानों व कृषि उद्यमियों को आजीविका के साधन प्रदान करने में मदद करेगा और स्टार्ट-अप इंडिया अभियान को बढ़ावा देगा, साथ ही इस क्षेत्र में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देगा।
    - बैंगनी क्रांति से तकरीबन 500 से अधिक युवाओं ने लाभ उठाया और अपनी आय को कई गुना बढ़ाया।

30:उत्तर: C

व्याख्या:

- कोई भी चीज़ जिसे डिजिटल रूप में बदला जा सकता है, वह NFT हो सकती है। अत: कथन 1 सही है।
  - ड्रॉइंग, फोटो, वीडियो, जीआईएफ, संगीत, इन-गेम आइटम, सेल्फी और यहाँ तक कि एक ट्वीट सभी को NFT में परिवर्तित किया जा सकता है, जिसे बाद में क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करके ऑनलाइन कारोबार किया जा सकता है।
  - एनएफटी अन्य डिजिटल रूपों से इस मायने में अलग हैं कि वे ब्लॉकचेन तकनीक द्वारा समर्थित होती हैं।
  - NFT में एक समय में केवल एक ही मालिक हो सकता है।
- NFTs नॉन-फंजिबल हैं, जिसका अर्थ है कि एक NFTs का मूल्य दूसरे के समान नहीं होता है।
- नॉन-फंजिबल का अर्थ है कि एनएफटी परस्पर विनिमेय नहीं हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - प्रत्येक कलाकृति दूसरों से अलग होती है, जो इसे नॉन-फंजिबल और अद्वितीय बनाती है।

31: उत्तर: D

व्याख्या:

- सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न किसी भी प्रकार की आपातकालीन या संकटपूर्ण स्थिति से निपटने हेतु 'आपात स्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और राहत कोष' (PM CARES) की स्थापना की है।
- पीएम-केयर्स फंड एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट है, जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। अन्य सदस्यों के रूप में रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री शामिल होते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह कोष सूक्ष्म-दान को सक्षम बनाता है यानी इसमें राशि की सीमा निर्धारित नहीं की गई है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग योगदान करने में सक्षम होते हैं।
- यह कोष आपदा प्रबंधन क्षमताओं को मज़बूत करने के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा हेतु अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा।
- पीएम-केयर्स फंड में किया गया योगदान 'कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' (CSR) के रूप में योग्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

32 .उत्तर: B

व्याख्या:

सिमलीपाल बायोस्फीयर रिज़र्व:

- सिमलीपाल का नाम 'सिमुल' (Simul- सिल्क कॉटन) के पेड़ के नाम पर पड़ा है।
  - टाइगर रिज़र्व के लिये इसका चयन आधिकारिक रूप से वर्ष 1956 में किया गया था, जिसको वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger) के अंतर्गत लाया गया।
- भारत सरकार ने जून 1994 में इसे एक जैवमंडल रिज़र्व (Biosphere Reserve) क्षेत्र घोषित किया।
- यह बायोस्फीयर रिज़र्व वर्ष 2009 से यूनेस्को के विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (UNESCO World Network of Biosphere Reserve) का हिस्सा है। अत: कथन 2 सही है।
- यह सिमलीपाल-कुलडीहा-हदगढ़ हाथी रिज़र्व (Similipal-Kuldiha-Hadgarh Elephant Reserve) का हिस्सा है, जिसे मयूरभंज एलीफेंट रिज़र्व (Mayurbhanj Elephant Reserve) के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।

- यह जंगल वनाग्नि से ग्रस्त है। वर्ष 2021 में सिमलीपाल में फरवरी के अंत और मार्च की शुरुआत में वनाग्नि की घटना देखी गई थी।
- यह ओडिशा के मयूरभंज ज़िले के उत्तरी भाग में स्थित है जो भौगोलिक रूप से पूर्वी घाट के पूर्वी छोर पर स्थित है।
- इस बायोस्फीयर रिज़र्व क्षेत्र में दो जनजातियाँ यथा- इरेंगा खारिया (Erenga Kharias) और मैनकर्डियास (Mankirdias) निवास करती हैं, जो आज भी पारंपरिक कृषि गतिविधियों (बीज और लकड़ी का संग्रह) के माध्यम से खाद्य संग्रहण करती हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

33. उत्तर: A

व्याख्या:

- स्वास्थ्य देखभाल व उपचार की पारंपरिक एवं गैर-पारंपरिक प्रणालियों में आयुर्वेद (Ayurveda), योग (Yoga), प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी (Unani), सिद्ध (Siddha), सोवा-रिग्पा (Sowa-Rigpa) व होम्योपैथी (Homoeopathy) आदि शामिल हैं।
    - एलोपैथी आयुष का हिस्सा नहीं है। अत: कथन 1 सही है लेकिन कथन 2 सही नहीं है।
- आयुष क्षेत्र का बाज़ार वर्ष 2014-20 में 17% बढ़कर 18.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।
- वैश्विक हिस्सेदारी में भारत ने दुनिया की तुलना में आयुष बाज़ार में तेज़ी से बढ़त हासिल की है तथा उसका बाज़ार में लगभग 2.8 प्रतिशत हिस्सा है और इसके बने रहने की संभावना है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- आयुष बाज़ार वर्तमान में लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है तथा अगले पाँच वर्षों के दौरान इसमें 50% की वृद्धि की संभावना है।

34: उत्तर: B

व्याख्या

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (UNEA) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का शासी निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह पर्यावरण पर विश्व स्तरीय सर्वोच्च निर्णयन निकाय है।
    - यह वैश्विक पर्यावरण नीतियों के लिये प्राथमिकताएँ निर्धारित करने और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कानून के निर्माण हेतु द्विवार्षिक बैठक करता है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका गठन जून 2012 में सतत् विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान किया गया था, जिसे 'रियो+20' भी कहा जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

35 .उत्तर: C

व्याख्या:

- सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम सशस्त्र बलों और "अशांत क्षेत्रों" में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना बिना वारंट के गिरफ्तार करने, मारने और अभियोजन तथा कानूनी मुकदमों के बिना किसी भी परिसर की तलाशी लेने के लिये निरंकुश शक्तियाँ प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
- सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (AFSPA) वर्ष 1958 में एक अध्यादेश के माध्यम से लाया गया था तथा तीन माह के भीतर ही इसे कानूनी जामा पहना दिया गया था।
- वर्ष 1972 में कुछ संशोधनों के बाद AFSPA के तहत केंद्र सरकार राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर किसी राज्य या क्षेत्र को अशांत घोषित कर वहाँ केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात कर सकती है। अत: कथन 2 सही है।

36: उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में गृह मंत्रालय ने 13,020 करोड़ रुपए की लागत से वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान "सीमा अवसंरचना और प्रबंधन" (Border Infrastructure and Management) की केंद्रीय क्षेत्रक योजना को जारी रखने की मंज़ूरी दी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- केंद्रीय क्षेत्रक योजनाएँ केंद्र सरकार द्वारा 100% वित्तपोषित होती हैं और केंद्र सरकार की मशीनरी द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं।
- केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) में वित्तपोषण का एक निश्चित प्रतिशत राज्यों द्वारा वहन किया जाता है और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

- BIM योजना से भारत-पाकिस्तान, भारत-बांग्लादेश, भारत-चीन, भारत-नेपाल, भारत-भूटान और भारत-म्यांँमार सीमाओं को सुरक्षित करने के लिये विभिन्न अवसंरचनाओं जैसे- सीमा बाड़, बॉर्डर फ्लड लाइट, तकनीकी समाधान, सीमा सड़कों व सीमा चौकियों (बीओपी)/कंपनी संचालन केंद्रों या ऑपरेटिंग बेस (Company Operating Bases (COBs) के निर्माण में काफी मदद मिलेगी। अत: कथन 2 सही है।
- यह योजना सीमा प्रबंधन, पुलिसिंग और सीमाओं की रखवाली में सुधार के लिये सीमा के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करेगी।
  - पाकिस्तान के साथ भारत की 3,323 किमी. लंबी सीमा है, जिसमें लगभग 775 किमी. लंबी नियंत्रण रेखा शामिल है। भारत की कुल सीमा में बांग्लादेश के साथ 4,096 किमी., चीन के साथ 3,488 किमी., नेपाल के साथ 1,751 किमी., भूटान के साथ 699 किमी., म्यांँमार के साथ 1,643 किमी. शामिल है।

37. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय वायुसेना (IAF) और ओमान की रॉयल एयर फोर्स ने जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर पाँच दिवसीय द्विपक्षीय अभ्यास शुरू किया। अभ्यास को ईस्टर्न ब्रिज VI नाम दिया गया है।
- यह अभ्यास दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के अलावा परस्पर विचार-विमर्श, अनुभवों का आदान-प्रदान और परिचालन ज्ञान में वृद्धि करेगा।
- ईस्टर्न ब्रिज V अभ्यास अक्तूबर 2019 में ओमान के एयर फोर्स बेस मसीरा में आयोजित किया गया था।
- ओमान खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों फोर्स नियमित रूप से द्विपक्षीय अभ्यास और स्टाफ वार्ता आयोजित करती हैं, इससे दोनों देशों के मध्य पेशेवर स्तर पर घनिष्ठ सहयोग एवं विश्वास स्थापित होता है।
  - नसीम अल-बहर (Naseem Al-Bahr) दोनों देशों के बीच आयोजित नौसैनिक अभ्यास है।.
  - अल नगाह (AL Nagah) दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास है।
  - ईस्टर्न ब्रिज (Eastern Bridge) दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास है। अत: विकल्प B सही है।

38. उत्तर: D

व्याख्या:

G20:

- G20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि, यूरोपियन यूनियन एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है। अत: कथन 1 सही है।
- G20 समूह के पास स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं होता।
- G20 समूह दुनिया की प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक व्यापार का 75%, वैश्विक निवेश का 85%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85% तथा विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है।
- G20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- प्रत्येक G20 देश का प्रतिनिधित्व उसके शेरपा करते हैं; जो अपने-अपने देश के नेता की ओर से योजना, मार्गदर्शन, क्रियान्वयन आदि करते हैं।
  - वर्तमान वाणिज्य और उद्योग मंत्री भारत के वर्तमान "G20 शेरपा" हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

39:उत्तर: A

व्याख्या

- मार्च 2015 में सात वर्षों की अवधि (वर्ष 2015-2022) के लिये 4,500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 'राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन' की घोषणा की गई थी। इस मिशन के अंतर्गत 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन वाले सुपरकंप्यूटर्स के माध्यम से एक विशाल सुपरकंप्यूटिंग ग्रिड स्थापित कर देश भर के राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों और R&D संस्थाओं को सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई है। अत: कथन 1 सही है।
    - NKN परियोजना का उद्देश्य एक मज़बूत भारतीय नेटवर्क स्थापित करना है जो सुरक्षित और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम होगा।
- यह मिशन सरकार के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण का समर्थन करता है।
- मिशन को संयुक्त रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा संचालित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - इसे सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (C-DAC), पुणे और आईआईएससी, बंगलूरू द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

40.उत्तर: C

व्याख्या:

- खारे पानी के मगरमच्छ मौजूदा जीवित मगरमच्छों की 23 प्रजातियों में सबसे बड़ी प्रजाति है। इसमें 'ट्रू क्रोकोडाइल', मगरमच्छ और कैमन शामिल हैं।
    - इसे 'एश्चुरिन क्रोकोडाइल' भी कहा जाता है और जैसा कि नाम से पता चलता है, यह आमतौर पर एश्चुरी के खारे पानी में पाया जाता है।
    - यह महासागरों में खारे पानी को भी सहन कर सकता है और ज्वारीय धाराओं का उपयोग करके खुले समुद्र में लंबी दूरी की यात्रा कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- खारे पानी के मगरमच्छों की संरक्षण स्थिति:
    - IUCN संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची: 'संकटमुक्त' (Least Concern)।
    - CITES: परिशिष्ट- I (ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और पापुआ न्यू गिनी में मौजूद आबादी परिशिष्ट- II में शामिल है)।
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची- I, अत: कथन 2 सही है।

41: उत्तर: C

व्याख्या:

## अहोम साम्राज्य:

- संस्थापक:
- छोलुंग सुकफा (Chaolung Sukapha) 13वीं शताब्दी के अहोम साम्राज्य के संस्थापक थे, जिन्होंने छह शताब्दियों तक असम पर शासन किया था। अहोम शासकों का इस भूमि पर नियंत्रण वर्ष 1826 की यांडाबू की संधि (Treaty of Yandaboo) होने तक था। अत: कथन 3 सही है।
- राजनीतिक व्यवस्था:
- अहोमों ने भुइयाँ (ज़मींदारों) की पुरानी राजनीतिक व्यवस्था को समाप्त कर एक नया राज्य बनाया।
- अहोम राज्य बंधुआ मज़दूरों (Forced Labour) पर निर्भर था। राज्य में इस प्रकार की मज़दूरी करने वालों को पाइक (Paik) कहा जाता था। अत: कथन 1 सही है।

## समाज:

- अहोम समाज को कुल/खेल (Clan/Khel) में विभाजित किया गया था। एक कुल/खेल का सामान्यत: कई गाँवों पर नियंत्रण होता था।

नोट :

- अहोम साम्राज्य के लोग अपने आदिवासी देवताओं की पूजा करते थे, फिर भी उन्होंने हिंदू धर्म और असमिया भाषा को स्वीकार किया।
    - हालाँकि अहोम राजाओं ने हिंदू धर्म अपनाने के बाद अपनी पारंपरिक मान्यताओं को पूरी तरह से नहीं छोड़ा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

42.उत्तर: C

व्याख्या:

भारत में बच्चों की स्थिति:

- हाल ही में NFHS-5 के सर्वेक्षण में बाल स्वास्थ्य और पोषण पर मिश्रित तस्वीर सामने आई है।
- एक तरफ इसके बाल मृत्यु दर में कमी, पोषण संकेतकों के स्तर में सुधार जैसे स्टंटिंग और वेस्टिंग आदि निश्चित सकारात्मक पहलू हैं। अत: कथन 1 सही है।
- दूसरी ओर इस दौर में बच्चों में एनीमिया की घटनाएँ NFHS 4 में 58.6% से बढ़कर 67.1% के खतरनाक स्तर पर पहुँच गई हैं, प्रमुख विशेषज्ञों का कहना है कि SDG लक्ष्य 2030 को पूरा करने के लिये और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। अत: कथन 2 सही है

43. उत्तर: C

व्याख्या:

कार्बन पृथक्करण:

- कार्बन पृथक्करण के तहत पौधों, मिट्टी, भूगर्भिक संरचनाओं और महासागर में कार्बन का दीर्घकालिक भंडारण होता है। अत: कथन 1 सही है।
- कार्बन पृथक्करण स्वाभाविक रूप से एंथ्रोपोजेनिक गतिविधियों और कार्बन के भंडारण को संदर्भित करता है।

प्रकार:

- स्थलीय कार्बन पृथक्करण:
    - स्थलीय कार्बन पृथक्करण (Terrestrial Carbon Sequestration) वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से वायुमंडल से $CO_2$ को प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा पेड़-पौधों से अवशोषित कर मिट्टी और बायोमास (पेड़ की शाखाओं, पर्ण व जड़ों) में कार्बन के रूप में संग्रहीत किया जाता है।
- भूगर्भीय कार्बन पृथक्करण:
    - इसमें $CO_2$ का भंडारण किया जा सकता है, जिसमें तेल भंडार, गैस के कुओं, बिना खनन किये गए कोल भंडार, नमक निर्माण और उच्च कार्बनिक सामग्री के साथ मिश्रित संरचनाएँ शामिल होती हैं।
- महासागरीय कार्बन पृथक्करण:
    - महासागरीय कार्बन पृथक्करण द्वारा वातावरण से $CO_2$ को बड़ी मात्रा में अवशोषित, मुक्त और संग्रहीत किया जाता है। इसके दो प्रकार हैं- पहला, लौह उर्वरीकरण (Iron Fertilization) के माध्यम से महासागरीय जैविक प्रणालियों की उत्पादकता बढ़ाना और दूसरा, गहरे समुद्र में $CO_2$ को इंजेक्ट करना।
    - लोहे की डंपिंग फाइटोप्लांकटन ( Phytoplankton) की उत्पादन दर को तीव्र करती है, परिणामस्वरूप फाइटोप्लांकटन प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को तीव्र कर देते हैं जो $CO_2$ को अवशोषित करने में सहायक हैं। अत: कथन 2 सही है।

44:उत्तर: B

व्याख्या

- इराक की रज्ज़ाज़ा झील कभी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र थी, जो अपने खूबसूरत दृश्यों और मछलियों की बहुतायत के लिये जानी जाती थी, जिस पर स्थानीय लोग निर्भर थे। अब मरी हुई मछलियाँ इसके तटों पर जमा हो जाती हैं और इसके चारों ओर की उपजाऊ भूमि एक बंजर रेगिस्तान में बदल गई है।
- यह इराक की दूसरी सबसे बड़ी झील है और एक विस्तृत घाटी का हिस्सा है जिसमें हब्बानियाह (Habbaniyah), थरथर (Tharthar)और बहर अल-नजफ (Bahr al-Najaf) की झीलें शामिल हैं।
    - थरथर झील इराक की सबसे बड़ी झील है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

45.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF)और शहरी मामलों के राष्ट्रीय संस्थान (NIUA) द्वारा संयुक्त रूप से डिज़ाइन किये गए 'सस्टेनेबल सिटीज़ इंडिया प्रोग्राम' पर सहयोग करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।
- इसका उद्देश्य शहरों के ऊर्जा, परिवहन तथा पर्यावरणीय क्षेत्रों में डीकार्बोनाइजेशन समाधान प्रदान कर एक सक्षम वातावरण का निर्माण करना है।
- यह पहल भारत द्वारा COP26 में जलवायु शमन प्रतिक्रिया के रूप में वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो की भारत की प्रतिबद्धता के बाद की गई है। अत: कथन A सही है।

46. उत्तर: D

व्याख्या:

- वह एक भारतीय दार्शनिक, सामाजिक नेता और आर्य समाज के संस्थापक थे।
  - आर्य समाज वैदिक धर्म का एक सुधार आंदोलन है और वह वर्ष 1876 में "भारत भारतीयों के लिये" के रूप में स्वराज का आह्वान करने वाले पहले व्यक्ति थे। अत: कथन 1 सही है।
- उनके एक अखंड भारत के दृष्टिकोण में वर्गहीन और जातिविहीन समाज (धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर) तथा विदेशी शासन से मुक्त भारत शामिल था, जिसमें आर्य धर्म सभी का सामान्य धर्म हो।
- उन्होंने वेदों से प्रेरणा ली और उन्हें 'भारत के युग की चट्टान', 'हिंदू धर्म का अचूक और सच्चा मूल बीज' माना। उन्होंने "वेदों की ओर लौटो" का नारा दिया। अत: कथन 2 सही है।
- उन्होंने चतुर्वर्ण व्यवस्था की वैदिक धारणा प्रस्तुत की इसके अनुसार किसी भी व्यक्ति के वर्ण का निर्धारण उसकी जाति के अनुसार नहीं बल्कि उसके द्वारा पालन किये जाने वाले व्यवसाय के आधार पर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र के रूप में पहचाना जाता था। अत: कथन 3 सही है।

47. उत्तर: C

व्याख्या:

FRP के बारे में:

- FRP सरकार द्वारा घोषित मूल्य है जिस पर मिलें किसानों से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कानूनी रूप से करने के लिये बाध्य हैं।
  - मिलों के पास किसानों के साथ समझौते के लिये हस्ताक्षर करने का एक विकल्प है, जो मिलों द्वारा किसानों को किश्तों में FRP का भुगतान करने की अनुमति प्रदान करता है।
  - भुगतान में देरी पर 15% तक प्रतिवर्ष ब्याज लग सकता है और चीनी आयुक्त (Sugar Commissioner) मिलों की संपत्तियों को संलग्न कर राजस्व वसूली के तहत बकाया के रूप में अदत्त एफआरपी (Unpaid FRP) की वसूली कर सकते हैं।
- देश भर में FRP का भुगतान आवश्यक वस्तु अधिनियम (EAC), 1955 के तहत जारी गन्ना नियंत्रण आदेश, 1966 द्वारा नियंत्रित होता है, जो गन्ने की डिलीवरी की तारीख के 14 दिनों के भीतर भुगतान को अनिवार्य करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिश के आधार निर्धारित तथा आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) द्वारा घोषित किया जाता है।
  - CACP कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। यह एक सलाहकार निकाय है, अत: इसकी सिफारिशें सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं।
  - CCEA की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
- FRP गन्ना उद्योग के पुनर्गठन को लेकर रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। अत: कथन 1 सही है।

48. उत्तर: B

व्याख्या:

- भाषा संगम:
  - यह 22 भारतीय भाषाओं (आठवीं अनुसूची की भाषाएँ) के दैनिक उपयोग में आने वाले बुनियादी वाक्य सिखाने के लिये एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - इसके पीछे यह विचार है कि लोगों को अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा में बुनियादी बातचीत संबंधी कौशल हासिल करना चाहिये।
    - यह दीक्षा, ई-पाठशाला और 22 पुस्तिकाओं के माध्यम से उपलब्ध है।
- शुरू की गई अन्य पहलों में भाषा संगम मोबाइल एप और एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) क्विज़ एप शामिल हैं।

49: उत्तर: D

व्याख्या:

- मिलन एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसकी शुरुआत भारतीय नौसेना द्वारा वर्ष 1995 में अंडमान और निकोबार कमान में की गई थी।
  - वर्ष 1995 के संस्करण में केवल चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की भागीदारी के साथ शुरू इस अभ्यास में प्रतिभागियों की संख्या तथा अभ्यास की जटिलता के संदर्भ में परिवर्तन हुए हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय नौसेना के बहुपक्षीय अभ्यास मिलन (MILAN) 2022 के नवीनतम संस्करण का आयोजन 25 फरवरी, 2022 से ''सिटी ऑफ डेस्टिनी' के रूप में विख्यात शहर विशाखापत्तनम में किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - कोविड-19 के कारण इस अभ्यास के वर्ष 2020 संस्करण को 2022 तक के लिये स्थगित कर दिया गया था।
  - मिलन का यह संस्करण सरफेस, सब-सरफेस तथा हवाई युद्ध व हथियार, फायरिंग अभ्यास सहित समुद्र में अभ्यास पर ध्यान देने के साथ 'दायरे और जटिलता' के लिहाज़ से बड़ा होगा।

50:उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने कर्नाटक के 'हम्पी' में भारत के मंदिर वास्तुकला पर एक तरह के एक अनोखे सम्मेलन 'देवायतनम' का उद्घाटन किया।
- यह 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' का एक हिस्सा है और संस्कृति मंत्रालय के भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा 25-26 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है।
- यह सम्मेलन भारतीय मंदिरों, कला एवं वास्तुकला की भव्यता पर चर्चा, विचार-विमर्श और दुनिया में प्रसारित करने के लिये एक मंच प्रदान करता है।
- यह प्रधानमंत्री की समग्र दृष्टि के अनुरूप है, जो 5V's पर आधारित है, अर्थात्- विकास, विरासत, विश्वास,, ज्ञान, जो हमें विश्वगुरु बनने की ओर ले जा सकते हैं। अत: विकल्प B सही है।

51. उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व में एक-चौथाई से अधिक गेहूँ का निर्यात रूस तथा यूक्रेन द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - रूस गेहूँ का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है, जिसका अंतर्राष्ट्रीय निर्यात में लगभग 18% से अधिक का योगदान है।
  - वर्ष 2019 में रूस तथा यूक्रेन द्वारा विश्व के एक-चौथाई (25.4%) से अधिक गेहूँ का निर्यात किया गया है।
  - सबसे अधिक डॉलर मूल्य के गेहूँ का निर्यात करने वाले शीर्ष पाँच देशों में रूस> संयुक्त राज्य अमेरिका> कनाडा> फ्राँस> यूक्रेन शामिल हैं।

नोट :

- मिस्र दुनिया में गेहूँ का सबसे बड़ा आयातक है। अत: कथन 2 सही है।
    - तुर्की सबसे ज़्यादा गेहूँ की खरीद रूस और यूक्रेन से करता है, तुर्की द्वारा वर्ष 2019 में 74% आयात इन दोनों देशों से किया गया था।
- विश्व के कुल गेहूँ उत्पादन में लगभग 13.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दूसरा बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है। यह चावल के बाद भारत में दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण खाद्यान्न फसल है। यह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी भाग की मुख्य खाद्यान्न फसल है।
    - गेहूँ रबी की एक फसल है जिसे पकने के समय ठंडे मौसम और तेज़ धूप की आवश्यकता होती है।
    - हरित क्रांति की सफलता ने रबी फसलों विशेषकर गेहूँ के विकास में योगदान दिया।
    - खरीफ फसल का मौसम दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान जुलाई से अक्तूबर तथा रबी फसल का मौसम अक्तूबर से मार्च (सर्दियों) में होता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

52.उत्तर: A

व्याख्या:

राष्ट्रीय वयोश्री योजना:

- परिचय:
    - इसे वर्ष 2017 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
    - यह वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष से वित्तपोषित एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस फंड को वर्ष 2016 में अधिसूचित किया गया था। अत: कथन 1 सही है एवं कथन 2 सही नहीं है।
        - छोटे बचत खातों, पीपीएफ और ईपीएफ से सभी दावा रहित राशियों को इस फंड में स्थानांतरित कर दिया जाता है।
- लक्ष्य:
    - इसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की श्रेणी के उन वरिष्ठ नागरिकों को सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करना है जो क्षीण दृष्टि, श्रवण दोष, दाँतों की क्षति और चलने में व्यवधान आदि उम्र से संबंधित अक्षमता/असमर्थता से पीड़ित हैं। अत: कथन 3 सही है
        - पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण, जैसे- चलने के लिये प्रयोग की जाने वाली छड़ी, कोहनी की बैसाखी, वॉकर/बैसाखी, ट्राइपॉड/क्वाड पॉड, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम दांत और चश्मा प्रदान किये जाते हैं।
        - वर्ष 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार, भारत में वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या 10.38 करोड़ है। वरिष्ठ नागरिकों की 70% से अधिक आबादी देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है तथा एक बड़ा प्रतिशत (5.2%) वृद्धावस्था से संबंधित अक्षमता से ग्रसित है।

53.उत्तर: A

व्याख्या:

- स्विफ्ट विश्वसनीय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जो वित्तीय संस्थानों को धन हस्तांतरण जैसे वैश्विक मौद्रिक लेन-देन के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाता है।
- जबकि स्विफ्ट वास्तविक रूप से रुपए का लेन-देन नहीं करता है, यह 200 से अधिक देशों में 11,000 से अधिक बैंकों को सुरक्षित वित्तीय संदेश सेवाएँ प्रदान करके लेन-देन की जानकारी को सत्यापित करने के लिये एक मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।
    - अधिकांश विश्व व्यापार स्विफ्ट के माध्यम से वित्तीय संदेश भेजने के साथ होता है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1973 में हुई थी तथा यह बेल्जियम में स्थित है।
- यह बेल्जियम के अलावा कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे 11 औद्योगिक देशों के केंद्रीय बैंकों की देखरेख करता है।
    - भारत की वित्तीय प्रणाली की पहुँच स्विफ्ट तक है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

54:उत्तर: A

व्याख्या:

इमिग्रेशन वीज़ा फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन ट्रैकिंग स्कीम:

- यह योजना आव्रजन, वीज़ा जारी करने, विदेशियों के पंजीकरण और देश में उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने और अनुकूलित करने का प्रयास करती है। अत: कथन 1 सही है।
- इसका मुख्य उद्देश्य आप्रवास और वीज़ा सेवाओं का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन करना है।
- इसे राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (National e-Governance Plan- NeGP) के तहत गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की जाने वाली मिशन मोड परियोजनाओं में से एक के रूप में पहचाना और शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस परियोजना का विस्तार वैश्विक स्तर तक है और यह विश्व भर में स्थित 192 भारतीय मिशनों, भारत में 108 आप्रवासन चेक पोस्ट, 12 विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी तथा कार्यालय एवं 700 से अधिक विदेशी पंजीकरण अधिकारी, पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्तों की सहायता से आव्रजन, वीज़ा जारी करने, विदेशियों के पंजीकरण और भारत में उनके आवागमन पर नज़र रखने से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने व अनुकूलित करने का प्रयास करता है।
- IVFRT के प्रारंभ होने के बाद जारी किये गए वीज़ा और ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया कार्ड की संख्या वर्ष 2014 के 44.43 लाख से बढ़कर 7.7% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) से वर्ष 2019 में 64.59 लाख हो गई।

55.उत्तर: C

व्याख्या:

विनायक दामोदर सावरकर:

- जन्म: इनका जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र के नासिक ज़िले के भागुर ग्राम में हुआ था।
- संबंधित संगठन और कार्य:
    - उन्होंने अभिनव भारत सोसाइटी नामक एक भूमिगत सोसाइटी (Secret Society) की स्थापना की।
    - सावरकर यूनाइटेड किंगडम गए और इंडिया हाउस (India House) तथा फ्री इंडिया सोसाइटी (Free India Society) जैसे संगठनों से जुड़े।
    - वे वर्ष 1937 से 1943 तक हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे।
    - सावरकर ने 'द हिस्ट्री ऑफ द वार ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस' नामक एक पुस्तक लिखी जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह में इस्तेमाल किये गए छापामार युद्ध (Guerilla Warfare) के तरीकों (Tricks) के बारे में लिखा था।
    - उन्होंने 'हिंदुत्व: हिंदू कौन है?' पुस्तक भी लिखी।
- मुकदमे और सज़ा:
    - वर्ष 1909 में उन्हें मॉर्ले-मिंटो सुधार (भारतीय परिषद अधिनियम 1909) के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
    - 1910 में क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस के साथ संबंधों के लिये गिरफ्तार किया गया।
    - सावरकर पर एक आरोप नासिक के कलेक्टर जैक्सन की हत्या के लिये उकसाने का था और दूसरा भारतीय दंड संहिता 121-ए के तहत राजा (सम्राट) के खिलाफ साजिश रचने का था।
    - दोनों मुकदमों में सावरकर को दोषी ठहराया गया और 50 वर्ष के कारावास की सज़ा सुनाई गई, जिसे काला पानी भी कहा जाता है, उन्हें वर्ष 1911 में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सेलुलर जेल ले जाया गया।
- मृत्यु : 26 फरवरी, 1966 को अपनी इच्छा से उपवास करने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। अत: विकल्प C सही है।

नोट :